—प्रेस नोट—

"थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा 01.200 किग्रा अवैध गांजा के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार—"

अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ व मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 10.10.2020 को उ0नि0 संजय सिंह मय हमराह गश्त/चेकिंग में मामूर थे कि मुखबीर खास की सूचना पर मेवली रोड़ से अभियुक्त रामलाल पुत्र नन्हकू बिन्द निवासी मेवली थाना कोतवाली देहात मीरजापुर को 01.200 किग्रा अवैध गांजा के साथ समय 07.20 बजे गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार किये गये अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

नाम-पता गिरफ्तार अभियुक्तगण—

1- रामलाल पुत्र नन्हकू बिन्द निवासी मेवली थाना कोतवाली देहात मीरजापुर

बरामदगी विवरण—

अभियुक्तगण के पास से 01.200 किग्रा अवैध गांजा।

गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण—

1- उ0नि0 संजय सिंह थाना कोतवाली देहात मीरजापुर।

2- का0 विनय राय थाना कोतवाली देहात मीरजापुर।

3- का0 नवीन यादव थाना कोतवाली देहात मीरजापुर।

4- का0 मंजय थाना कोतवाली देहात मीरजापुर।